

# 21 महिलाएं शक्ति सम्मान से सम्मानित

## भारतीय साहित्य परिषद ने आयोजित किया कुटुंब प्रबोधन विषय पर कार्यक्रम

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 3 अप्रैल. कुटुंब केवल एक परिवार नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की आधारशिला है और यही भावना भारतीय संस्कृति को वसुधैव कुटुम्बकम् तक पहुंचाती है. यह विचार शुक्रवार को डॉ. बिनय षडंगी राजाराम ने शक्ति सम्मान एवं कुटुंब प्रबोधन विषय पर दुष्यंत संग्रहालय में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए.**

अखिल भारतीय साहित्य परिषद भोपाल इकाई द्वारा नवसंवत्सर के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में कुटुंब की बदलती भूमिका और उसके महत्व पर विस्तार से चर्चा हुई. कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 21 महिलाओं को शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया. इसमें प्रशासनिक सेवा, पर्वतारोहण, चिकित्सा, कला और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मान मिला. इस अवसर पर वक्ताओं ने यह भी कहा कि परंपरा और आधुनिकता के बीच संतुलन बनाकर ही कुटुंब की मूल भावना को बचाया जा सकता है. वक्ताओं ने आज के समय में परिवारों में संवाद की कमी को एक बड़ी चुनौती बताते हुये इसे मजबूत करने को कहा. कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि शीला दाहिमा ने कहा कि नई पीढ़ी के बीच संवाद बनाए रखना समय की सबसे बड़ी जरूरत है. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. नुसरत मेहदी ने कहा कि शक्ति सम्मान केवल महिलाओं का सम्मान नहीं, बल्कि उस भूमिका का सम्मान है जो नारी परिवार और समाज को जोड़ने में निभाती है. सशक्त नारी ही सशक्त कुटुंब और मजबूत समाज की नींव रखती हैं.

### इन महिलाओं का किया सम्मान

कार्यक्रम में प्रशासनिक सेवा (आईएएस) शीला दाहिमा और 'नेपथ्य की शक्ति' के लिए लता कर्णावट को विशेष रूप से सम्मानित किया गया. इसके अतिरिक्त विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली अन्य महिलाओं में सुनीता शर्मा को 'अमृत शक्ति सम्मान, परिचालिका रिज़वाना शेख़, पर्वतारोही ज्योति रात्रे, मनोचिकित्सक शानू सिंह, वास्तुविद् योगिता सिंह, डॉ. विनीता श्रीवास्तव, आरती मीणा, प्रीति तिवारी, अनिता सक्सेना, गरिमा मथनिया, डॉ. सुचिता राऊत, कविता अग्रवाल, सरोज शर्मा, प्रियंका माहेश्वरी, श्रद्धा गुप्ता, चित्रा धोटे, रीना कालरा और डॉ. अनुसुईया बमनिया को भी सम्मानित किया गया.

## आज 30 इलाकों में होगी बिजली कटौती

**भोपाल, 3 अप्रैल.** शहर में शनिवार को मेंटनेंस के लिए करीब 30 इलाकों में कुछ समय बिजली सप्लाई बंद रहेगी. शनिवार सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक होशंगाबाद रोड, सागर रॉयल विला एंड होम्स, सुरेंद्र लैंडमार्क, फॉर्च्यून ग्लोरी, मिसरोद फेस-2, बावड़ियाकलां, गणेश नगर, ओपेल डेवलपर्स, एमएलए रेस्ट हाउस, मालवीय नगर, वल्लभ नगर, भीम नगर. सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक भैंसाखेड़ी, मंडी बैरागढ़ . सुबह 11 से दोपहर 12.30 बजे तक ईशान कॉलोनी. दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक पुलिस सीआई कॉलोनी, वसुंधरा, बैंक कॉलोनी, न्यू कॉलोनी, जिंसी अहीरपुरा, अमरनाथ कॉम्पलेक्स, हम्माल कॉलोनी, जोगीपुरा, नीम रोड, प्रेमदीपुरा में बिजली बंद रहेगी.

## बैंक पेंशनर्स का राष्ट्रीय सम्मेलन कल

**भोपाल, 3 अप्रैल.** ऑल इंडिया बैंक पेंशनर्स एंड रिटायरीज एसोसिएशन का त्रैवार्षिक सम्मेलन रविवार को मैनिट परिसर में होगा. राष्ट्रीय सम्मेलन में पेंशनर्स की समस्याओं और उनसे जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा से चर्चा कर आगामी रणनीति तैयार की जाएगी.



## दादाजी धाम में गलंतिका जलधारा से 24 घंटे अभिषेक का शुभारंभ

**भोपाल, 3 अप्रैल. वैशाख मास की शुरुआत शुक्रवार 3 अप्रैल से हो गई है. इस पावन अवसर पर दादाजी धाम मंदिर, रायसेन रोड, पटेल नगर में शिवलिंग पर 'गलंतिका जलधारा' स्थापित कर 24 घंटे निरंतर अभिषेक प्रारंभ किया गया है.**

पंडित राजेंद्र पलिया द्वारा पूजन कर भक्तों की उपस्थिति में 'गलंतिका' स्थापित की गई. विशेष कलश से एक-एक बूंद जल निरंतर शिवलिंग पर गिरकर भक्तों की श्रद्धा एवं भक्ति का प्रतीक बन रही है.

ट्रस्ट के अध्यक्ष शिवरतन नामदेव ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार यह जलधारा भगवान शिव को शीतलता प्रदान कर अत्यंत पुण्यदायी मानी जाती है. इससे पापों का क्षय, कष्टों का निवारण एवं सुख-शांति की प्राप्ति होती है.

मंदिर में श्रद्धालु ऊं नम: शिवाय' मंत्र जप, पूजन एवं अभिषेक कर परिवार एवं राष्ट्र के कल्याण की कामना कर रहे हैं. मंदिर प्रबंधन ने सभी भक्तों से इस पुण्य कार्य में सहभागी बनने का आह्वान किया है.

### एक नजर में



## जैन चैंपियंस लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**भोपाल, 3 अप्रैल.** जैन सोशल ग्रुप 'चन्द्रप्रभु' द्वारा खेल और भाईचारे को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 'जैन चैंपियंस लीग' क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन अंकुर खेल मैदान पर किया जा रहा है. इसमें 14 टीम भाग ले रहीं हैं. विशेष रूप से युवतियां भी आगे बढ़ कर अपने हुनर खेल मैदान पर दिखा रही हे, सोशल ग्रुप चंद्रप्रभु के अध्यक्ष अंकुर जैन बड़कुर ने बताया खेल भावना और आपसी सामंजस्य सहयोग की भावना से टूर्नामेंट के आयोजन का यह तृतीय वर्ष है. फाइनल 5 अप्रैल को खेला जाएगा. सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा. उन्होंने बताया शुक्रवार को खेले गए मैच में चंद्रप्रभु टीम ने गेम चेंजर, सन्मति ने बावड़िया किंग्स और एबीएम ने नंदीश्वर टीम को हराकर मैच जीता. ए बी एम की टीम जीती. क्रिकेट टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति, बीडीसीए चेयरमैन ध्रुवनारायण सिंह, शांति जैन, क्रिकेट खिलाड़ी जेपी यादव थे.

## नैतिक जैन का बीसीसीआई कैम्प के लिए चयन



**भोपाल, 3 अप्रैल.** मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी के ऑलराउंडर क्रिकेट खिलाड़ी नैतिक जैन का चयन बीसीसीआई के एलीट कैंप (एनसीए कैम्प) के लिए हुआ है. यह कैंप 10 मई से अहमदाबाद में आयोजित किया जाएगा. नैतिक मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी में कोच के डी गुप्ता के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं. इस उपलब्धि पर नैतिक को बीडीसीए के अध्यक्ष ध्रुवनारायण सिंह, सचिव शांतिकुमार जैन, सैयद साजिद अली चेयरमैन, कोच सुमित तनेजा ,सुरेश खड़से ,जमील अहमद ,मोहन चतुर्वेदी आदि ने बधाई दी है.

## किरार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए बैठक कल

**भोपाल, 04 अप्रैल.** किरार धाकड़ सामाजिक विकास कल्याण समिति, भोपाल द्वारा रविवार 5 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से बैठक आयोजित की जाएगी. इस बैठक में मध्य प्रदेश एवं अन्य प्रदेशों के पदाधिकारियों द्वारा किरार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा.



## भगवान नेमिनाथ का किया अभिषेक

### श्री सिद्धचक्र विधान प्रारंभ, सजा भव्य मंडल

**भोपाल, 3 अप्रैल. श्री नेमिनाथ जिनालय झिरनो में मूलनायक भगवान नेमिनाथ का अभिषेक, शांति धारा के साथ अनुष्ठान की क्रियाएं मंत्रोच्चार के साथ हुई. श्री नेमिनाथ भक्त मंडल के तत्वावधान में मंडप प्रतिष्ठा, इंद्र प्रतिष्ठा आदि क्रियाएं हुईं.**

प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के शिष्य मुनि साध्य सागर मुनि विश्व सूर्य सागर महाराज के सानिध्य में हो रहे अनुष्ठान में विश्व शांति और सभी के मंगलमय जीवन की प्रार्थना की गई. आचार्य विद्यासागर महाराज, समय सागर , विशुद्ध सागर महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया, इंद्र इंद्राणियों ने जाप पाठ किया मुनि संघ को भक्तों ने शास्त्र भेंट किए. मनोज जैन एडवोकेट बबीता, हितेंद्र जैन अंजू, प्रांजल, आराध्य, आयुषी प्रियांशी, सौधर्म इंद्र, परिवार को पाद प्रछालन का सौभाग्य प्राप्त हुआ.

## सेवा सदन ने नरसिंहगढ़ में लगाया जांच शिविर

▸ शिविर में 346 विद्यार्थियों की आंखों की जांच की

**भोपाल, 3 अप्रैल. सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा शुक्रवार को नरसिंहगढ़ के प्रज्ञा सागर पब्लिक स्कूल में शिक्षकों, उनके परिवारजन, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए नि:शुल्क नेत्र रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा व सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के सचिव हीरो ज्ञानचंदानी द्वारा किया गया.**

इस अवसर पर स्थानीय न्यायाधीश मीनू पचौरी दुबे, एसडीएम ब्यावरा गोविंद दुबे भी उपस्थित थे. शिविर में विद्यालय के 346 छात्र-छात्राओं की आंखो की जांच की गई. जिसमें से 10 लोगों में मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई और 40 व्यक्तियों को चिकित्सा परामर्श के लिए सेवा सदन अस्पताल जाकर इलाज करवाने की सलाह दी गई. विधायक शर्मा ने कहा कि संत हिरदाराम साहिब जी द्वारा भोपाल में शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से बड़ी संख्या में गरीब रोगियों की सेवा की. अभी भी उनके अनुयायियों द्वारा संतजी के सेवा कार्यों को निरंतर संचालित किया जा रहा है. सचिव हीरो ज्ञानचंदानी ने जानकारी दी कि सेवा सदन अब अपने नवनिर्मित भवन, आशाराम बापू चौराहा, एयरपोर्ट रोड, गांधीनगर में स्थानांतरित हो गया है, जिससे भोपाल एवं आसपास के 10 जिलों की 1.89 करोड़ आबादी को बेहतर नेत्र सुरक्षा सेवाएं उपलब्ध होंगी. इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन नवरंगलाल धाकड़, डायरेक्टर हरीश मूलानी, भोपाल नगर निगम के पार्षद राजेश हिंगोरानी, जनप्रतिनिधि कमल प्रेमचंदानी, मुरली मूलानी, गोपाल गिरधानी उपस्थित थे.




## गुड फ्राइडे पर गिरजाघरों में हुईं प्रार्थना सभाएं

▸ प्रभु यीशु मसीह के बलिदान को मसीही समाज ने किया याद

**भोपाल, 3 अप्रैल. मानवता, करूणा का संदेश देने वाले प्रभु यीशु को सूली पर चढ़ाए जाने की याद में शुक्रवार को गुड फ्राइडे पर राजधानी के मसीह समाज ने क्रूस यात्राएं निकालीं, गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाएं हुईं.**



गुड फ्राइडे पर शुक्रवार को सेंट जॉन्स चर्च गोविंदपुरा, बेथलहम चर्च बरखेड़ी, सेंट फ्रॉसिस चर्च जहांगीराबाद सहित सभी चर्चों में हुई विशेष प्रार्थना सभाओं में मानव कल्याण, विश्व शांति के लिए कामनाएं की गईं. इस अवसर पर मसीह समाज ने क्रूस यात्राएं निकालीं और चर्चों में विभिन्न कार्यक्रम हुए.

गोविंदपुरा सेंट जॉन्स चर्च में मसीही समाज के लोगों ने प्रभु यीशु मसीह द्वारा कही गई सात अंतिम बातों का मनन किया. आर्चडिकॉन रेव डॉ. अनिल मार्टिन ने विशेष प्रार्थना सभा में क्षमा, प्रेम, विश्वास और उद्धार का संदेश दिया.

## भारत की पहचान उसकी समृद्ध ज्ञान परंपरा से : आशीष चौहान

▸ शिक्षा में उभरते नए आयाम पर संवाद कार्यक्रम

**भोपाल, 3 अप्रैल. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भोपाल महानगर द्वारा 'शिक्षा में उभरते नए आयाम एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति' विषय पर एक महत्वपूर्ण शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ट्रिपल आईटी भोपाल के निदेशक डॉ. आशुतोष कुमार सिंह, अभाविप के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान, महानगर अध्यक्ष डॉ. महेंद्र मेहरा एवं महानगर मंत्री आरती ठाकुर उपस्थित रहे.

कार्यक्रम में वर्तमान शिक्षा प्रणाली, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के प्रभाव, भारतीय ज्ञान परंपरा तथा शिक्षा में हो रहे नवाचारों पर विस्तृत चर्चा की गई. वक्ताओं ने शिक्षा को अधिक लचीला, रोजगारोन्मुख एवं भारतीय मूल्यों पर आधारित बनाने की आवश्यकता पर बल दिया. ट्रिपल आईटी के निदेशक डॉ. सिंह ने कहा कि 'भारत की शिक्षा व्यवस्था को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ अपनी समृद्ध ज्ञान परंपरा से जोड़ना आवश्यक है. नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों को बहुआयामी अवसर प्रदान करती है और उन्हें केवल एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रखती.'

**आयोजन** | पद्मश्री डॉ. वाकणकर की पुण्यतिथि पर व्याख्यान माला में मदन कुमार ने कहा

## विरासत संरक्षण के लिये स्टार्टअप्स जरूरी

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 3 अप्रैल. वर्षों पहले 23 मार्च 1957 को अपनी यात्रा स्थगित कर भीमबेटका के शैलचित्रों की खोज करने वाले डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर की इस खोज को कालांतर में विश्व धरोहर घोषित किया गया, जिसके लिये उन्हें भारत सरकार द्वारा 1975 में पद्मश्री सम्मान दिया गया.**



उनकी योगदान और हजारों लाखों वर्ष पुरानी स्मृतियों को भौतिक रूप में सुरक्षित रखने और अब तक हुई क्षति को न्यूनतम संभव स्तर तक लाने के लिये आज स्टार्टअप्स को इंक्यूबेशन सेंटर्स स्थापित करना आवश्यक है. यह बात पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय के आयुक्त मदन कुमार ने पद्मश्री डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित व्याख्यानमाला में कही. कार्यक्रम का आयोजन डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर पुरातत्व शोध संस्थान द्वारा किया गया. इस दौरान मदन कुमार ने संस्थान में इंक्युवेशन सेंटर की स्थापना में उपस्थित लोगों से भागीदारी करने को कहा. कार्यक्रम में नारायण व्यास, कैलाशचंद्र पाण्डे, डॉ. मनोजकुमार कुर्मी, डॉ. सुरेश कुमार दुबे मुख्य रूप से शामिल हुये. व्याख्यान में कैलाश चंद्र पाण्डे ने मंदसौर और नीमच जिलों के पुरातत्व पर प्रकाश डालते हुये बताया कि पुरातत्व और इतिहास के क्षेत्र में उनकी रुचि पद्मश्री वाकणकर जी के छाया में रहकर गहन हुई. उन्होंने बताया कि मंदसौर जिले में स्थित छिब्बर नाला. दरकी चट्टान, चतुर्भज नाला के शैलचित्रों को प्रकाश में लाने का श्रेय वाकणकर जी को है.

### पुरातत्व के प्रति जागरुकता पर जोर

वहीं डॉ. नारायण व्यास ने बताया कि अपने काम में वाकणकर जी इतने मग्न रहते थे कि पुरातत्वीय स्थलों की खोज करने और अपने शिष्यों का मार्गदर्शन स्वयं के साधनों से करने में भी नहीं चूकते थे. अपने अध्यक्षीय संबोधन में आयुक्त ने द मोनूमेंट मन फिल्म के ट्रैलर के माध्यम से फिल्म के नायकों जैसे पुरातत्व के प्रति जागरुकता लाने पर जोर दिया. इस अवसर पर आयुक्त पुरातत्व द्वारा डॉ. नारायण व्यास को पद्मश्री प्राप्त होने पर और कैलाशचंद्र पाण्डे को पुरातत्व के क्षेत्र में दिये गये योगदान के लिये सम्मानित किया गया. साथ ही वाकणकर जी की शिष्य परम्परा में राजेन्द्र नागदेव, डॉ. रेखा भटनागर व अन्य विद्वानों का सम्मान किया गया.

## अकेलेपन और रिश्तों की दरारों को उतारा मंच पर

▸ एलबीटी में दो नाटकों का मंचन

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 3 अप्रैल. रंगश्री लिटिल बैलेट ट्रूप (एलबीटी) में युवा अनुनाद 2026 के तहत शुक्रवार को रंग माध्यम नाट्य संस्था ने दो नाटक डेढ़ इंच ऊपर और और धूप का एक टुकड़ा का मंचन किया.**

नाटक डेढ़ इंच ऊपर एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है, जो अपनी पत्नी के विश्वासघात और उसके खोने के दर्द में जी रहा है. मंच पर वह अकेले बैठकर अपने अतीत से सवाल जवाब करता है और शराब के सहारे अपनी यादों को जीता रहता है. उसकी बातों में दर्द है पछतावा है और एक ऐसी बेबसी है. जिसमें वह खुद को ही दोषी मानता है. नाटक की खास बात यह रही कि सुनने वाला पात्र धीरे धीरे गायब हो जाता है और नायक पूरी तरह अपने भीतर की दुनिया में खो जाता है. बीयर परोसने वाले पात्र के छोटे छोटे प्रवेश दर्शकों को वास्तविकता से जोड़े रखते हैं. एकल अभिनय ने नायक के टूटे मन और अकेलेपन को प्रभावी ढंग से सामने रखा.



### धूप का एक टुकड़ा में दिखा प्यार व बिछड़ने की कहानी

नाटक धूप का एक टुकड़ा एक स्त्री के अकेले जीवन की भावनात्मक यात्रा है. यह कहानी एक ऐसी महिला की है जो स्वतंत्र जीवन जीना चाहती है लेकिन अतीत की यादें उसे बार बार घेर लेती हैं. नाटक का पूरा ताना बाना एकालाप के माध्यम से बुना गया है, जिसमें एक ही पात्र अपने जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शकों के सामने खोलता है. पार्क में बैठी यह स्त्री अपने बीते रिश्तों, प्यार और बिछड़ने की कहानी को याद करती है.